20/FI/CC/M-2023-29

पुस्तिका शृंखला

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**C**

Serial No. 31123

प्रश्न-पुस्तिका

# हिन्दी भाषा और साहित्य

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 15 और 16) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने अनुक्रमांक तथा प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला **A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

SEAL

www.bpscpathshala.com

**1.** मलिक मोहम्मद 'जायसी' को महाकवि के रूप में किस आलोचक ने प्रतिष्ठित किया?

(A) रामदरश मिश्र

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) आचार्य नगेन्द्र

(D) नंद दुलारे वाजपेयी

**2.** भक्ति आंदोलन को लोक जागरण का नाम किसने दिया?

(A) रामदरश मिश्र

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य नगेन्द्र

(D) नामवर सिंह

**3.** "साखी सबदी दोहरा, कहि कहिनी उपखान,
भगति निरूपहि भगत कलि, निंदहि बेद पुरान।"

ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं?

(A) तुलसीदास

(B) कबीरदास

(C) सूरदास

(D) नाभादास

**4.** भक्तिकाल के अंतर्गत किस काव्यधारा में विवाह-पूर्व समाज-निरपेक्ष स्वच्छंद प्रेम का निरूपण किया गया है?

(A) कृष्ण काव्य

(B) संत काव्य

(C) सूफी काव्य

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** रीतिकाल को 'अतिशय विलासिता का युग' किस समीक्षक ने माना है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामविलास शर्मा

**6.** हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रंथों के लेखन की परम्परा में क्रमबद्ध इतिहास के रूप में प्रकाशित पहला इतिहास ग्रंथ कौन-सा है?

(A) हिन्दी साहित्य का इतिहास—रामचंद्र शुक्ल

(B) हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास—गुलाबराय

(C) हिन्दी साहित्य : उद्भव और विकास—हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) मिश्रबंधु विनोद—मिश्रबंधु

**7.** "सतसैया के दोहरे, ज्यों नावक के तीर।
देखन में छोटे लगैं, घाव करैं गंभीर।।"

ये पंक्तियाँ किस कवि के संदर्भ में कही जाती हैं?

(A) मतिराम

(B) केशवदास

(C) बिहारीलाल

(D) घनानंद

**8.** आचार्यत्व की दृष्टि से रीतिकाल का अंतिम लेखक किस कवि को माना जाता है?

(A) मतिराम

(B) सेनापति

(C) भिखारीदास

(D) पद्माकर

www.bpscpathshala.com

9. हिन्दी के भक्तिकाल में नायक-नायिका भेद पर 'रस मंजरी' नामक पुस्तक के रचयिता हैं

(A) नाभादास

(B) नंददास

(C) केशवदास

(D) छीतस्वामी

10. "संतन को कहा सीकरी सों काम,
आवत जात पहनिया टूटी, बिसरि गयो
हरि नाम।"

ये पंक्तियाँ किस महान भक्त कवि की हैं?

(A) नंददास

(B) तुलसीदास

(C) कुंभनदास

(D) नाभादास

11. निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित निबंध कौन-सा है?

www.bpscpathshala.com

(A) यथार्थवाद और छायावाद

(B) ठलुआ क्लब

(C) कुछ उथले कुछ गहरे

(D) इतिहास साक्षी है

12. इलाचंद्र जोशी द्वारा रचित आलोचनात्मक ग्रंथ 'साहित्य-सर्जना' किस श्रेणी में आता है?

(A) व्यक्तिगत आलोचना

(B) प्रभाववादी आलोचना

(C) सांस्कृतिक आलोचना

(D) मनोवैज्ञानिक आलोचना

13. इन उपन्यासकारों में से घटनात्मक उपन्यास (तिलस्मी ऐयारी) लिखने वाले लेखक कौन हैं?

(A) नरेन्द्र मोहिनी

(B) किशोरीलाल गोस्वामी

(C) गंगाप्रसाद गुप्त

(D) पं० देवीप्रसाद शर्मा

14. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित उपन्यास 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस कोटि का उपन्यास कहा जाएगा?

(A) सामाजिक

(B) प्राकृतवादी

(C) स्वच्छंदतावादी

(D) ऐतिहासिक

15. निम्नलिखित उपन्यासों में से प्रेमचंद का अंतिम उपन्यास कौन-सा है, जो पूरा नहीं हो सका?

(A) सेवासदन

(B) निर्मला

(C) मंगलसूत्र

(D) रंगभूमि

16. यशपाल कृत 'परदा' कहानी किस श्रेणी में आती है?

(A) नयी कहानी

(B) जनवादी कहानी

(C) समान्तर कहानी

(D) सक्रिय कहानी

**17.** 'नयी कहानी त्रयी' में कौन-कौन से कथाकारों को शामिल किया गया है?

(A) मार्कण्डेय, अमरकांत, शेखर जोशी

(B) निर्मल वर्मा, रांगेय राघव, अमरकांत

(C) मोहन राकेश, राजेन्द्र यादव, कमलेश्वर

(D) भीष्म साहनी, मार्कण्डेय, राजेन्द्र यादव

**18.** समांतर कहानी का प्रारम्भ कब से माना जाता है?

(A) छठे दशक से

(B) सातवें दशक से

(C) आठवें दशक से

(D) नवें दशक से

**19.** संसद में प्रयोग होने वाली भाषा के संबंध में संविधान के कौन-से अनुच्छेद में उपबंध किया गया है?

(A) अनुच्छेद 120

(B) अनुच्छेद 122

(C) अनुच्छेद 124

(D) अनुच्छेद 342

**20.** उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय के माध्यम से भारत सरकार के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिन्दी पढ़ना अनिवार्य कर दिया। यह निर्णय किस वर्ष में दिया गया?

(A) वर्ष 1963

(B) वर्ष 1976

(C) वर्ष 1978

(D) वर्ष 1979

**21.** खड़ी बोली का विकास दक्षिण भारत में हुआ, इसका प्रमुख कारण है कि

(A) उत्तर भारत के मुगलकालीन कवि खड़ी बोली को पसंद नहीं करते थे

(B) उत्तर भारत के तत्कालीन शासक ब्रजभाषा को अधिक श्रेष्ठ मानते थे

(C) दक्षिण के मुस्लिम शासकों ने फारसी को नहीं अपनाया बल्कि हिन्दी (खड़ी बोली) को राजभाषा का दर्जा दिया

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** संसदीय राजभाषा समिति के गठन का उपबंध संविधान के कौन-से अनुच्छेद में किया गया है?

(A) अनुच्छेद 342

(B) अनुच्छेद 343

(C) अनुच्छेद 344

(D) अनुच्छेद 345

**23.** निम्नलिखित में से मानक हिन्दी का एक प्रमुख लक्षण है :

(A) मानक भाषा में बात करने पर लोग भ्रमित होते हैं, क्योंकि इसमें शब्दों के कई मतलब होते हैं

(B) यह पूरे क्षेत्र में व्याकरण की दृष्टि से समरूप है

(C) इसका ढाँचा अस्थिर है

(D) यह सर्वमान्य नहीं है

**24.** आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में नागरी लिपि सुधार समिति का गठन कब किया गया था?

(A) 31 जुलाई, 1945

(B) 31 जुलाई, 1947

(C) 31 जुलाई, 1950

(D) 31 जुलाई, 1962

www.bpscpathshala.com

25. निम्नलिखित वाक्यों में से किस विशेष वाक्य में 'से' अपादान कारक का चिह्न है?

(A) वह साइकिल से जा रहा है।

(B) उसने मुझे लाठी से मारा।

(C) मेज से कप गिर गया।

(D) वह चम्मच से दलिया खा रहा था।

26. निम्नलिखित वाक्यों में से किस विशेष वाक्य में 'से' करण कारक का चिह्न है?

(A) पहाड़ से नदियाँ निकलती हैं।

(B) आम पेड़ से गिर गया।

(C) सीता पेन से लिखती है।

(D) लड़का घर से निकल गया।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द आकारांत होने पर भी स्त्रीलिंग है?

(A) लगान

(B) सम्मान

(C) चालान

(D) सड़ान

28. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द आकारांत होने पर भी पुल्लिंग है?

(A) अबला

(B) ठहाका

(C) कोकिला

(D) महिला

29. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(A) छाया

(B) क्रोध

(C) बुढ़ापा

(D) चयन

30. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य भाववाच्य है?

(A) क्या अब टहलने चलें?

(B) मैं पत्र नहीं पढ़ सकता।

(C) नानी से कहानी नहीं कही जाती।

(D) रोगी रातभर सो न सका।

31. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्तृवाच्य है?

www.bpscpathshala.com

(A) मजदूर पत्थर नहीं तोड़ रहे हैं।

(B) आपके द्वारा गाना गाया गया।

(C) उससे यह दृश्य नहीं देखा गया।

(D) मुझ पर भारी दबाव डाला जा रहा था।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्मवाच्य है?

(A) मशीन चारा काट रही थी।

(B) रमेश के द्वारा पत्र लिखा जाता है।

(C) मैं पत्र नहीं पढ़ सकता।

(D) रहमान पतंग उड़ा रहा है।

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी का नाम पुल्लिंग है?

(A) गंडक

(B) यमुना

(C) गंगा

(D) ब्रह्मपुत्र

**34.** निम्नलिखित में से पुल्लिंग है

(A) चील

(B) कोयल

(C) मच्छर

(D) दीमक

**35.** निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग है

(A) बिच्छू

(B) खटमल

(C) खग

(D) तितली

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ईकारांत होते हुए भी पुल्लिंग है?

(A) गाली

(B) नाड़ी

(C) मोती

(D) सवारी

**37.** 'रामचरितमानस' में प्रथम वक्ता तथा श्रोता की जोड़ी कौन-सी है?

(A) तुलसीदास—संतजन

(B) काकभुशुण्डि—गरुण जी

(C) भगवान शिव—माता पार्वती

(D) याज्ञवल्क्य ऋषि—भारद्वाज ऋषि

**38.** 'तार सप्तक' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ?

(A) 1941 ई०

(B) 1942 ई०

(C) 1943 ई०

(D) 1944 ई०

**39.** इनमें से कौन दूसरे सप्तक के कवि हैं?

www.bpscpathshala.com

(A) मुक्तिबोध

(B) अज्ञेय

(C) रघुवीर सहाय

(D) कुँवर नारायण

**40.** 'कामायनी : एक पुनर्विचार' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) प्रसाद

(B) निराला

(C) अज्ञेय

(D) मुक्तिबोध

41. 'हामिद' और 'अमीना' प्रेमचंद की किस कहानी के पात्र हैं?

(A) जुलूस

(B) ईदगाह

(C) मोहर्रम

(D) शान्ति

42. 'चंद्रगुप्त' नाटक का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1929 ई०

(B) 1930 ई०

(C) 1931 ई०

(D) 1932 ई०

43. 'हिन्दी नाटक' नामक पुस्तक के रचनाकार हैं

(A) दशरथ ओझा

(B) सोमनाथ गुप्त

(C) बच्चन सिंह

(D) ब्रजरत्न दास

www.bpscpathshala.com

44. 'कल्पना' पत्रिका के नवंबर 1964 के अंक में 'अंधेरे में' कविता किस शीर्षक से प्रकाशित हुई थी?

(A) आशंका के द्वीप : अंधेरे में

(B) अनिश्चितता के द्वीप : अंधेरे में

(C) अंधेरे में : मूल पाठ

(D) अंधेरे में : पुनर्विचार

45. 'कलिवर्णन' है 'कवितावली' के

(A) अरण्यकाण्ड में

(B) बालकाण्ड में

(C) लंकाकाण्ड में

(D) उत्तरकाण्ड में

46. 'कवितावली' की रचना तुलसीदास जी ने किस भाषा में की है?

(A) अवधी

(B) ब्रजभाषा

(C) खड़ी बोली हिन्दी

(D) संस्कृत

47. 'सूर साहित्य' पुस्तक के लेखक हैं?

(A) सूरदास

(B) श्रीकृष्णदास

(C) नाभादास

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

48. दिनकर जी को उनकी किस कृति के लिए 'भारतीय ज्ञानपीठ' सम्मान प्रदान किया गया?

(A) रश्मिरथी

(B) उर्वशी

(C) संस्कृति के चार अध्याय

(D) कुरुक्षेत्र

49. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

(A) भ्रमरगीत सूरसागर का अंश है।

(B) यह एक उपालंभ काव्य है।

(C) इसमें गोपियों की वचनवक्रता अत्यंत मनोहारिणी है।

(D) इसके रचयिता नन्ददास हैं।

50. 'शिवशंभु का चिट्ठा' के लेखक हैं

(A) बालमुकुंद गुप्त

(B) हरिशंकर परसाई

(C) रांगेय राघव

(D) श्रीधर पाठक

**51.** 'एक कुत्ता और एक मैना' शीर्षक निबंध के निबंधकार हैं

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) कुबेरनाथ राय

**52.** जब किसी व्यंजन का संयोग उसी व्यंजन के साथ होता है, तब वह कहलाता है

(A) संयुक्त व्यंजन

(B) द्वित्व व्यंजन

(C) अनुस्वार व्यंजन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** 'कविवचन सुधा' पत्रिका के संपादक कौन थे?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) महात्मा गाँधी

(C) प्रताप नारायण मिश्र

(D) बालकृष्ण भट्ट

www.bpscpathshala.com

**54.** 'भाषा का डिक्टेटर' किसे कहा गया है?

(A) तुलसीदास को

(B) रैदास को

(C) कुंभनदास को

(D) कबीरदास को

**55.** 'ज्ञानदीप' किसकी रचना है?

(A) उसमान

(B) जंभनाथ

(C) नूर मुहम्मद

(D) शेख नबी

**56.** 'प्रेमघन' उपनाम से रचना करने वाले थे

(A) अम्बिकादत्त व्यास

(B) बदरी नारायण चौधरी

(C) जगमोहन सिंह

(D) राधाचरण गोस्वामी

**57.** 'मीरा का काव्य' पुस्तक के लेखक हैं?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) केदारनाथ सिंह

(C) विश्वनाथ तिवारी

(D) विश्वनाथ त्रिपाठी

**58.** निम्नलिखित में से महाप्राण वर्ण कौन-सा है?

(A) ख

(B) ग

(C) ज

(D) ल

**59.** 'भाषा योग वशिष्ठ' के रचनाकार हैं

(A) रामप्रसाद निरंजनी

(B) दौलतराम जैन

(C) मुंशी सदासुखलाल

(D) लल्लू लाल

**60.** निम्नलिखित में से असत्य मेल को चुनिए :

(A) कुरुक्षेत्र : दिनकर

(B) नयी कविता और अस्तित्ववाद : रामविलास शर्मा

(C) कहानी नयी कहानी : नामवर सिंह

(D) झूठा-सच : मंज़ूर ऐहतेशाम

61. "इस पुस्तक में मेरी अंतर्यात्रा में पड़ने वाले कुछ प्रदेश हैं। यात्रा के लिए निकलती रही है बुद्धि, पर हृदय को भी साथ लेकर अपना रास्ता निकालती हुई।" यह कथन रामचंद्र शुक्ल की किस पुस्तक से है?

(A) चिंतामणि, भाग–1

(B) चिंतामणि, भाग-2

(C) चिंतामणि, भाग-3

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. "कर्म-रुचि-शून्य प्रयत्न में कभी-कभी इतनी उतावली और आकुलता होती है कि मनुष्य आतुरता के उत्तरोत्तर क्रम का निर्वाह न कर सकने के कारण बीच ही में चूक जाता है।" यह कथन शुक्ल जी के किस निबंध से लिया गया है।

(A) भय

(B) करुणा

(C) उत्साह

(D) क्रोध

63. रामचंद्र शुक्ल के श्रद्धा-भक्ति, ईर्ष्या, घृणा, भय इत्यादि निबंध किस श्रेणी में आते हैं?

(A) ललित

(B) मनोविकार

(C) व्यंग्यात्मक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. "मैं ईश्वर को नहीं मानता। मैं प्रार्थना भी नहीं मानता। भवानी झूठी है। ईश्वर झूठा है। ईश्वर नहीं है।" यह कथन किस प्रतिष्ठित कथाकार का है?

(A) अज्ञेय (शेखर : एक जीवनी)

(B) मुंशी प्रेमचंद (गोदान)

(C) जयशंकर प्रसाद (चंद्रगुप्त)

(D) इनमें से कोई नहीं

65. कोई न छायादार पेड़ वह,
जिसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्याम तन भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय कर्मरत मन
गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार-बार प्रहार
सामने तरु मालिका अट्टालिका प्राकार।

ये हिन्दी की किस कविता के चरण हैं?

(A) अँधेरे में (मुक्तिबोध)

(B) चाँद का मुँह टेढ़ा है (मुक्तिबोध)

(C) भग्नदूत (अज्ञेय)

(D) तोड़ती पत्थर (निराला)

66. अज्ञेय जी की सम्पूर्ण कविताओं का संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ?

(A) मानसरोवर

(B) सदानीरा

(C) आराधना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.bpscpathshala.com

67. काव्यशास्त्रीय समीक्षा की दृष्टि से 'राम की शक्ति पूजा' किस प्रकार की रचना है?

(A) महाकाव्य

(B) प्रबंधात्मक प्रदीर्घ कविता

(C) खण्डकाव्य

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. 'राम की शक्ति पूजा' में हनुमान द्वारा सप्ताकाश पर आक्रमण किस श्रेणी में आएगा?

(A) मूल कथा

(B) अंतर्कथा

(C) अवान्तर कथा

(D) लघुकथा

www.bpscpathshala.com

69. ''रवि हुआ अस्त, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर
रह गया राम-रावण का अपराजेय समर
आज का तीक्ष्ण-शर-विधृत-क्षिप्र-कर, वेग प्रखर
शतशेल सम्वरणशील नील नभ गर्जित स्वर।''

इन पंक्तियों में कौन-सा बिम्ब होगा?

(A) आस्वाद्य बिम्ब

(B) स्पर्श्य बिम्ब

(C) स्मृति बिम्ब

(D) चाक्षुष बिम्ब

70. खड़ी बोली निबंधों के भीतर से अवधी, ब्रजभाषा के माधुर्य की झलक किस युग के निबंधों में मिलती है?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) शुक्ल युग

(D) शुक्लोत्तर युग

71. ''श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है।'' यह कथन किसका है?

(A) मुंशी प्रेमचंद

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) इनमें से कोई नहीं

72. दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज जो नहीं कही।

ये पं० सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की किस कविता के चरण हैं?

(A) तोड़ती पत्थर

(B) राम की शक्ति पूजा

(C) सरोज स्मृति

(D) जूही की कली

**73.** तुलसी जो राम सों सनेह साँचों चाहिए,
तो सेइए सनेह सों विचित्र चित्रकूट सो।

ये तुलसीदास जी की किस पुस्तक की कविता के चरण हैं?

(A) रामचरितमानस

(B) कवितावली

(C) गीतावली

(D) विनय-पत्रिका

**74.** हिन्दी का पहला शोक गीत कौन-सी कविता को कहा जाता है?

(A) आँसू—जयशंकर प्रसाद

(B) शोक गीत—कात्यायनी

(C) सरोज स्मृति—निराला

(D) पितृ-स्मृति—आदर्श भूषण

**75.** मुक्तिबोध की 'ब्रह्मराक्षस' कविता सर्वप्रथम किस पत्रिका में और कब प्रकाशित हुई थी?

(A) सरस्वती—1963

(B) 'कवि' लघु पत्रिका—1957

(C) अभ्युदय—1962

(D) कर्मवीर—1958

**76.** ये भाव-संगत तर्क संगत
कार्य सामंजस्य-योजित
समीकरणों के गणित की सीढ़ियाँ
हम छोड़ दें उसके लिए।

ये पंक्तियाँ मुक्तिबोध की किस कविता से ली गयी हैं?

(A) अँधेरे में

(B) चाँद का मुँह टेढ़ा है

(C) ब्रह्मराक्षस

(D) भूरी-भूरी खाक धूल

**77.** तुलसीदास जी ने अपनी कौन-सी कृति में भारत भूमि की श्रेष्ठता का उल्लेख किया है?

(A) रामचरितमानस

(B) विनय-पत्रिका

(C) कवितावली

(D) कृष्ण गीतावली

**78.** जिय बिनु देह नदी बिनु बारी,
तैसिअ नाथ पुरुष बिनु नारी।
नाथ सकल सुख साथ तुम्हारे,
सरद बिमल बिधु बदनु निहारे॥

उपर्युक्त चौपाइयाँ 'रामचरितमानस' में किसके मुख से कहलाई गयी हैं?

(A) सीता

(B) उर्मिला

(C) माण्डवी

(D) कैकेयी

www.bpscpathshala.com

**79.** निम्नलिखित में से हिन्दी भाषा की उत्पत्ति का स्रोत कौन-सा है?

(A) मागधी

(B) अर्धमागधी

(C) अर्धमागधी अपभ्रंश

(D) नागर अपभ्रंश

**80.** "मेरा नम्र लेकिन दृढ़ अभिप्राय है कि जब तक हम भाषा को राष्ट्रीय और अपनी-अपनी प्रांतीय भाषा को उनका योग्य स्थान नहीं देंगे, तब तक स्वराज्य की सब बातें निरर्थक हैं।"

भाषा के संबंध में यह कथन किसका है?

(A) महात्मा गाँधी

(B) लाला लाजपत राय

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) सुभाष चंद्र बोस

www.bpscpathshala.com

**81.** "प्रसाद की अपरिवर्तनशील गंभीर भाषा में अभिनयोचित चांचल्य नहीं है।"

प्रसाद के नाटकों की अभिनेयता की दृष्टि से समीक्षा करते हुए यह कथन किस समीक्षक ने दिया?

(A) सत्यप्रकाश मिश्र

(B) गिरीश रस्तोगी

(C) आचार्य नगेन्द्र

(D) सूर्यप्रसाद

**82.** "संसार भर की नीति और शिक्षा का अर्थ मैंने यही समझा है कि आत्म-सम्मान के लिए मर-मिटना ही दिव्य जीवन है।"

'चंद्रगुप्त' नाटक में यह संवाद किस पात्र का है?

(A) सिकंदर का

(B) सिंहरण का

(C) चाणक्य का

(D) चन्द्रगुप्त का

**83.** नील परिधान बीच सुकुमार,
खिल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल,
मेघ-बन बीच गुलाबी रंग॥

उपर्युक्त पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग से ली गयी हैं?

(A) श्रद्धा सर्ग

(B) इड़ा सर्ग

(C) चिन्ता सर्ग

(D) लज्जा सर्ग

**84.** घिर रहे थे घुँघराले बाल,
अंस अवलम्बित मुख के पास।
नील घन-शावक से सुकुमार,
सुधा भरने को विधु के पास॥

उपर्युक्त पंक्तियों में प्रसाद जी ने 'कामायनी' में किसका सौन्दर्य चित्रण किया है?

(A) मनु

(B) इड़ा

(C) श्रद्धा

(D) इनमें से कोई नहीं

**85.** हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास 'इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐंदुई ऐंदुस्तानी' किस भाषा में लिखा गया है?

(A) अंग्रेजी

(B) हिन्दी

(C) जर्मन

(D) फ्रेंच

**86.** 'अपभ्रंश व्याकरण' के रचनाकार हैं

(A) हेमचंद्र

(B) विद्याधर

(C) सोमप्रभ सूरि

(D) धनपाल

**87.** 'प्राकृत पैंगलम' किसकी रचना है?

(A) शबरपा

(B) लक्ष्मीधर

(C) ज्योतिश्वर ठाकुर

(D) जोइंदु

**88.** 'खड़ी बोली' का उद्भव अपभ्रंश के किस रूप से हुआ है?

(A) अर्धमागधी

(B) ब्राचड़

(C) शौरसेनी का उत्तरी रूप

(D) मागधी

**89.** पाणिनि के व्याकरण ग्रंथ का नाम है

(A) वाक्यदीप

(B) अष्टाध्यायी

(C) व्याकरण प्रदीप

(D) निरुक्त

**90.** देवनागरी लिपि के विरोध का मुख्य कारण है

(A) प्रांतीयता की संकीर्ण मनोवृत्ति

(B) अंग्रेजी भाषा के प्रति अतिरिक्त मोह

(C) राष्ट्रवादी उदार दृष्टिकोण का अभाव

(D) उपर्युक्त सभी

**91.** "84 सिद्धों में से बहुत से कछुए, चमार, धोबी, डोम, कहार, लकड़हारे, दर्जी और बहुत से शूद्र कहे जाने वाले लोग थे। अतः जाति-पाँति के खण्डन तो वे आप ही थे।" ये पंक्तियाँ किस विद्वान की हैं?

www.bpscpathshala.com

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) धीरेन्द्र वर्मा

(D) परशुराम चतुर्वेदी

**92.** "मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ, अगर तुम वास्तव में मुझसे कुछ पूछना चाहते हो तो हिन्दवी में पूछो।" यह पंक्ति किसने कही है?

(A) गोरखनाथ

(B) अमीर खुसरो

(C) बनारसीदास

(D) भारतेन्दु जी

**93.** 'नागरी लिपि और हिन्दी वर्तनी' शीर्षक ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

(A) डॉ० भोलानाथ तिवारी

(B) डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

(C) डॉ० अनंत चौधरी

(D) डॉ० गुणानंद जुयाल

**94.** हिन्दी भाषा के क्षेत्रीय भाषा-रूपों में पूर्वी हिन्दी वर्ग में आने वाली उपभाषाएँ कौन-सी हैं?

(A) राजस्थानी—ब्रजभाषा—उर्दू—कन्नौजी

(B) हरियाणवी—खड़ी बोली—ब्रजभाषा—बाँगरू

(C) अवधी—बघेली—छत्तीसगढ़ी

(D) अवधी—भोजपुरी—निमाड़ी—कौरवी

**95.** हिन्दी में स्पर्श-संघर्षी व्यंजन कौन-से हैं?

www.bpscpathshala.com

(A) क, ख, ग, घ

(B) च, छ, ज, झ

(C) त, थ, द, न

(D) प, फ, ब, म

**96.** निम्नलिखित में से ब्राह्मी लिपि का रूप नहीं है

(A) कुटिल

(B) नागर

(C) शारदा

(D) खरोष्ठी

**97.** 'काव्य में लोक मंगल की साधनावस्था' शीर्षक निबंध के लेखक कौन हैं?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) आचार्य नगेन्द्र

(D) विद्यानिवास मिश्र

**98.** 'बलचनमा' किस प्रकार का उपन्यास है?

(A) सामाजिक

(B) जासूसी

(C) आँचलिक

(D) मनोवैज्ञानिक

**99.** "तुलसी का सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है।" इस पंक्ति के लेखक कौन हैं?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) राम विलास शर्मा

(C) आचार्य नगेन्द्र

(D) विद्यानिवास मिश्र

**100.** "दुलहन गावहूँ मंगलाचार,
हम घर आये राजा राम भरतार।"

इस पद के रचयिता कौन हैं?

(A) रामानंद

(B) रामदास

(C) तुलसीदास

(D) कबीरदास